मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया कूनो फॉरेस्ट फेस्टिवल का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

17 दिसंबर, 2023 को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्योपुर ज़िले के ग्राम रानीपुरा में निर्मित की गई कूनो फॉरेस्ट रिट्रीट (टेंट सिटी) में कूनो फॉरेस्ट फेस्टिवल के पहले संस्करण का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- मध्य प्रदेश टूरिज़्म बोर्ड द्वारा कूनो फॉरेस्ट फेस्टिवल के पहले संस्करण का आयोजन 17 दिसंबर से 21 दिसंबर तक किया जा रहा है।
- कूनो राष्ट्रीय उद्यान के पास बसाई गई अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस टेंट सिटी में हो रहे इस महोत्सव द्वारा क्षेत्र में पर्यटन संभावनाओं को बढ़ावा मिलेगा।
- कूनो फॉरेस्ट रीट्रीट (टेंट सिटी) में पर्यटक लग्ज़री ग्लेम्पिंग का आनंद ले सकेंगे। साथ ही पर्यटक हॉट एयर बलूनिंग, पैरामोटरिंग, जंगल सफारी जैसी गतिविधियों से खुद को रोमांचित कर पाएंगे।
- इयाक वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड और लल्लूजी एंड संस द्वारा मध्य प्रदेश टूरिज़्म बोर्ड के सहयोग से आयोजित हो रहे इस फेस्टिवल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ रोमांचक गतिविधियों का अनूठा अनुभव भी मिलेगा। स्थानीय कला एवं संस्कृति को प्रचारित करने के लिए विभिन्न गतिविधियां एवं कार्यशालाएं भी होंगी।
- यह फेस्टिवल रोमांच, मनोरंजन और संस्कृति का तालमेल होगा। जंगल सफारी में क्षेत्र की समृद्ध वन्यजीव संपदा को देखने का मौका भी मिलेगा। पारंपरिक कला, सांस्कृतिक आयोजनों और स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ मध्य प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहरों को प्रचारित भी किया जाएगा।
- 5 दिन तक चलने वाले इस महोत्सव में विभिन्न प्रकार के साहसिक खेल, कला, शिल्प, संगीत ग्राम भ्रमण, भोजन सहित अनेक गतिविधियां आयोजित होंगी। पर्यटकों के लिए एक टेंट सिटी तैयार की गई है, जिसमें 50 सर्व सुविधायुक्त स्विस टेंट लगाए गए हैं।
- पर्यटक यहां पैरा सेलिंग, हॉट एयर बैलूनिंग, पैराग्लाइडिंग, साइलेंट डीजे ऑन साइट के साथ स्टार गेजिंग, जंगल सफारी, देव खोह भ्रमण तथा नाइट वॉक के अनुभव का आनंद ले सकेंगे।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cm-dr-mohan-yadav-inaugurated-kuno-forest-festival